कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय
उदयपुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)
यूजीसी से 2 (F) मान्यता , संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध
COLLEGE CODE- 3405 "NAAC द्वारा मूल्यांकित - B ग्रेड " (2.18 CGPA) मो0 नं0–9303891866
Website:govtrdscollegeudaipur.in Email ID govtrdscollegeudaipur01@gmail.co


उदयपुर दिनांक, 15 /08/2024

# –:प्रतिवेदन:–

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति,आज दिनांक 15 - 8- 2024 को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पाण्डेय ने की, तथा मुख्य अतिथि के रूप में जन. प्रतिनिधि श्री राधे श्याम सिंह ठाकुर जी उपस्थित हुए। प्रातः 7:30 बजे सभी की उपस्थिति में,उमंग और उत्साह के साथ,राष्ट्रगान गायन कर, विधिवत् पूजा अर्चना कर झंडारोहण का कार्य किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यार्थियों के द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें सुआ नृत्य, करमा नृत्य, देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं नृत्य के माध्यम से, महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम को संचालित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना में "बी" सर्टिफिकेट हेतु नामित NSS वॉलिंटियर्स को अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों के द्वारा, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए गए जिसमें देशप्रेम और देशभक्ति की भावना का प्रसार करते हुए, शहीदों की शहादत को नमन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने विचार के माध्यम से ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। उनके द्वारा विविध उदाहरण के द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में संघर्ष करने और स्वयं में बदलाव लाकर, समाज में बदलाव करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही राष्ट्रीयता से ओतप्रोत कविता का पाठ भी किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित जनप्रतिनिधि, श्री राधेश्याम सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में ऊर्जावान जयकारों से विद्यार्थियों में उत्साह का संचार कर,शहीद क्रांतिकारियों और वीर जवानों को नमन किया। आज़ादी की लंबी लड़ाई और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए,आज की युवा पीढ़ी को राष्ट्रीयता की भावना और स्वतंत्रता की गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विद्यार्थियों को जलपान वितरित किया गया एवं अध्यक्ष के अनुमोदन से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

प्रभारी

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.–उदयपुर
जिला–सरगुजा(छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर

अंबिकापुर 17-08-2024

# शहीदों की शहादत को याद कर आजादी का पर्व मनाया



उदयपुर | शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कॉलेज के एसएमडी अध्यक्ष राधेश्याम सिंह ठाकुर रहे। अध्यक्षता प्राचार्य वंदना पांडेय ने की। सुबह 7:30 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान शहीदों को याद किया गया। छात्र-छात्राओं ने गीत, भाषण व नृत्य प्रस्तुत किए। एनएसएस के वॉलंटियर्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राधेश्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि आजादी की लंबी लड़ाई में देश के अनेक महापुरुषों के संघर्ष व बलिदान से देश आजाद हुआ है। हमें उनके कार्यों को याद रखने की जरूरत है। प्राचार्य वंदना पांडेय ने अपने विचार रखे।

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner